भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
कृषि भवन, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली–110 001
Krishi Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi 110 001

फा.सं. रा.भा. 10(1)/2017-हिन्दी दिनांक 24 अगस्त, 2017

## परिपत्र

**विषय: प्रत्येक वर्ष केन्द्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों में 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी सप्ताह/पखवाड़ा/चेतना मास का आयोजन करने के संबंध में**

प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को हम हिन्दी दिवस के रूप में मनाते हैं। किसी भी देश की संस्कृति को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए एक राष्ट्रभाषा का होना अत्यंत आवश्यक है। सरकारी काम काज में राजभाषा हिन्दी के प्रति जागरूकता तथा उसके उत्तरोत्तर प्रयोग में गति लाने के उद्देश्य से केन्द्रीय सरकार के सभी मंत्रालयों/ विभागों/ कार्यालयों में 14 सितम्बर को या उसी दिन से हिन्दी सप्ताह/पखवाड़ा/चेतना मास का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर कार्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आदि आयोजित की जाती हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रेरणा और प्रोत्साहन के माध्यम से सरकारी काम काज में हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए प्रेरित करना है।

माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में 17 जनवरी, 2017 को सम्पन्न हुई संयुक्त हिन्दी सलाहकार समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि इस अवसर पर आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में दिए जाने वाले पुरस्कारों की राशि बढ़ाई जाए। इसी के अनुसरण में दिनांक 6 मार्च, 2017 को परिपत्र संख्या रा.भा. 1(7)/2015-हिन्दी जारी किया गया था।

अत: अनुरोध है कि अपने संस्थान में उपलब्ध वित्तीय संसाधनों को ध्यान में रखते हुए उक्त परिपत्र का अवलोकन करते हुए अपने-अपने संस्थान में हिन्दी दिवस/सप्ताह/पखवाड़ा/चेतना मास का आयोजन करें और इसमें दी जाने वाली पुरस्कार राशि को सम्मानजनक बनाने हेतु अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

सीमा चोपड़ा 24.8.17
(सीमा चोपड़ा)
निदेशक (राजभाषा)

वितरण : 1. भा.कृ.अ.प. के अधीनस्थ सभी संस्थानों/निदेशालयों/ब्यूरो/केन्द्रों के निदेशक
2. गार्ड फाइल ।